# मन की बात में रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख

## देश के प्रमुख स्टार्टअप सेंटर के रूप में हुआ ग्वालियर का उल्लेख, मुख्यमंत्री ने वाजपेई नगर के रहवासियों के साथ सुनी मन की बात



भोपाल(काप्र)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में मध्यप्रदेश में हाल ही में जुड़े रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है।**

देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरुआत वनस्पति और जीव जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में बन रहे नए स्टार्टअप सेंटर्स के अंतर्गत देश के 7 शहरों में ग्वालियर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने पर कहा कि स्टार्टअप कल्चर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, अपितु इसका विस्तार टायर-2 और टायर-3 शहरों में भी हो रहा है। इन शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण किया। डॉ. यादव से सीहोर के अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी कपिल परमार ने प्राप्त मेडल के साथ भेंट की। डॉ. यादव ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कपिल परमार को हाल ही में सम्मानित किया था।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इससे विभिन्न राज्यों में हो रहे नवाचारों और व्यक्तिगत स्तर पर जनसामान्य द्वारा की जा रही पहल की जानकारी प्राप्त होती है। श्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में आरंभ हुए रातापानी टाइगर रिजर्व और ग्वालियर का स्टार्टअप सेंटर के रूप में उल्लेख करने से सभी प्रदेशवासियों को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। प्रदेश वन्य जीवों की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहा है। स्टार्टअप के साथ-साथ युवाओं को कौशल विकास और स्वावलम्बन के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। बहन-बेटियों को लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्हें उद्योगों में रोजगार दिलाने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नेपाली समाज मंदिर में सुनी मन की बात

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को गोविंदपुरा स्थित पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल मध्य विधानसभा के अरेरा मंडल के बूथ क्रमांक 198 में समाज के लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। श्री शर्मा ने कहा कि आज 'मन की बात' कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा, जिसमें प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष से लेकर देश की आजादी तक की बात की। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय संस्कृति और विरासत पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। यह कार्यक्रम इसलिए भी खास रहा कि क्योंकि हम सभी ने यह कार्यक्रम नेपाली समाज के लोगों के साथ बैठकर सुना, जो देश के विकास में पूरी कर्मठता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। मन की बात सुनने के बाद श्री शर्मा ने श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में पूजन - अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख - समृद्धि की कामना की । इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे सहित समाज के पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल के मध्य विधानसभा के अरेरा मण्डल, बूथ क्र. 168 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 9वीं व 11वीं की परीक्षा के लिए राज्य स्तर पर तैयार होंगे प्रश्नपत्र

भोपाल (काप्र)।

**प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं तीन फरवरी से शुरू होंगी। नौवीं की परीक्षा पांच से 22 फरवरी तक सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होंगी। वहीं 11वीं की परीक्षा तीन से 22 फरवरी तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक संचालित होंगी।**

विद्यार्थियों को समय से आधा घंटे पहले परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। डीपीआई ने प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद को दी गई है। इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र राज्य स्तर पर तैयार किए जाएंगे। वहां से जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचेंगे।

शेष प्रश्न पत्र आवश्यकतानुसार माध्यमवार जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वारा तैयार कराए जाएंगे। यह प्रश्नपत्र तैयार करने में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी गई, जिन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्नपत्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें, कि दोनों कक्षाओं के करीब 18 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## सड़क किनारे बात कर रहे युवक का मोबाइल लूट चंपत हुए बदमाश

**भोपाल( काप्र )।** टीटी नगर थाना इलाके में बीती रात एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे युवक का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार फरियादी योगानंद श्रीवास्तव (42) ने बताया कि वह मीडियाकर्मी है। शनिवार रात करीब 10 बजे वह माता मंदिर से मैनिट की ओर जा रहे थे। रास्ते में परिचित का फोन आने पर वे रिवेरा टाउन के गेट के सामने खड़े होकर मोबाइल पर बात करने लगे। उसी समय पीछे से एक्टिवा वाहन पर आये दो युवक उनका मोबाइल झपटकर मैनिट की तरफ भाग गए। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला कायम कर उनका सुराग जुटाने के लिये पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# मप्र में भारी पड़ेगा पश्चिमी विक्षोभ 29 जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी सहित प्रदेश के शहरों में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। शहर में बादलों के कारण कोल्ड-डे जैसे हालात बने थे, वहीं दूसरे दिन अचानक एक फिर धूप खिलने से ठंड गायब हो गई। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 25.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसमें 6.6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।**

दिन में धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली, लेकिन रात का तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस पर बना रहने से लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कि उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है, जबकि अफगानिस्तान के पास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बनी हुई है, जिससे ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पडने के बाद उत्तर भारत से ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। आने वाले दिनों में रात के तापमान में हल्की गिरावट आएगी, जबकि दिन का तापमान थोड़ा और बढ़ सकता है। हालांकि, एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे रात के तापमान में फिर से हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं 20, 21 जनवरी को 29 जिलों में बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, दमोह, डिंडौरी, मंडला, पन्ना, कटनी, मऊगंज, मैहर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, शहडोल, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, उमरिया में बारिश हो सकती है। मौसम में अचानक आ रहे बदलाव से लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और रात में कड़ाके की ठंड के कारण सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

## रीवा के मेडिसिन सप्लायर की होटल में संदिग्ध हालात में मौत

**भोपाल ( काप्र )।** टीटी नगर थाना इलाके में स्थित मिड टाउन होटल में रीवा के एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव होटल के कमरे से बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से रीवा के रहने वाले आनंद कुमार पुत्र राजेश्वर (50) मेडिसन सप्लाई का काम करते थे। 6-7 दिन पहले वह रीवा से अपने बेटे के साथ भोपाल आए थे, यहां न्यू मार्केट की एक होटल में ठहरे थे। दो दिन बाद बेटा वापस लौट गया। इसके बाद आनंद मिड टाउन होटल में चले गए। शुक्रवार दोपहर उन्होंने होटल के स्टाफ से पानी लेने के बाद रूम को लॉक कर लिया। रात में खाने के लिए स्टाफ ने जब रूम के गेट पर जाकर उन्हें बुलाने के लिये आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया है। अनहोनी की आशंका के चलते शनिवार सुबह होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसै-तैसै कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा तो आनंद बेड के नीचे मृत हालत में पड़े मिले। पास में ही शराब की बॉटल भी पड़ी थी। पुलिस ने मामला कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# आमजन व सेना के जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगी आर्मी मैराथन

## मुख्यमंत्री, फिटनेस-एकता और देशभक्ति के लिए फिट इंडिया-रन विथ इंडियन आर्मी मैराथन में हुए शामिल

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

भारतीय सेना का अनुशासन, सजगता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया। मुख्यमंत्री फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी के आदर्श वाक्य के साथ द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किए। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए। डॉ. यादव ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा-बेटी बराबर है और उनके अधिकार भी समान है। अत: आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन ओपन केटेगरी के अंतर्गत पुरुष वर्ग के विजेता रोहित वर्मा को 1 लाख रुपये, रनर अप हरीश को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहे हुकुम को 25 हजार रुपये का चैक और मध्यप्रदेश पर्यटन का कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री भारती नैन, द्वितीय स्थान पर रहीं सुश्री किरण साहू और तृतीय स्थान पर रहीं सुश्री प्रीति खण्डेलवाल को पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आर्मी मैराथन में भोपालवासियों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही। मेजर जनरल एस.के. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

### डॉ. यादव से मंडाविया ने की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को समत्व भवन में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सौजन्य भेंट की। श्री मंडाविया ने मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय खेल मंत्री का शॉल-श्रीफल एवं राजा भोज की प्रतिमा भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया।




# कांग्रेस व आप एक ही थैली के चट्टे-बट्टे : नरोत्तम



**भोपाल ( काप्र )।** पूर्व गृह मंत्री व दिल्ली चुनाव में दक्षिण दिल्ली के प्रभारी डॉ नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को पालम विधानसभा में पन्ना प्रमुखों कि बैठक को संबोधित किया।उन्होंने आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दोनो को एक ही थैली का चट्टे -बट्टा बताया । बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक ही है। दोनों ही देश द्रोहियों के साथ है,उनका ही समर्थन करती हैं। इसी दिल्ली के जेएनयू में जब नारे लगे थे ,कि भारत तेरे टुकड़े होंगे ..इंशा अल्लाह-इंशा अल्लाह, भारत की बर्बादी तक जंग हमारी जारी रहेगी। अफ़ज़ल हम शर्मिंदा है तेरे कातिल जिंदा है। तब पहले नंबर पर नारे लगाने वालों से मिलने राहुल गांधी गए थे और दूसरे नंबर पर जो गए थे उनका नाम अरविंद केजरीवाल है। इससे ही दोनों कि मानसिकता समझी जा सकती है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हमारी और उनकी लड़ाई इसी मानसिकता व विचारधारा की है। डॉ मिश्रा ने कहा कि आप सब समझ गए होंगे कि यह चुनाव केवल चुनाव नही है बल्कि राष्ट्रवादियों व राष्ट्रद्रोहियो के बीच युद्ध है जो हमे हर हाल में जीतना है।भारत माता के गौरव व सम्मान के लिए यह अति आवश्यक भी है। देश कि प्रगति, विकास व सम्मान तभी हो सकेगा जब हम इस तरह कि शक्तियों को परास्त कर देंगे।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का किया विमोचन



भोपाल(काप्र)।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यायाधीश जीपी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उनके कर्म, ज्ञान एवं चरित्र की त्रिवेणी से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। उनके द्वारा दिये निर्णय न्याय क्षेत्र में आधार बन जाते हैं। उन्होंने विंध्य तथा मध्यप्रदेश का नाम ऊंचा कर लोकतंत्र को सही राह दिखाई। समाज में दिशाहीनता को समाप्त करने के लिए ऐसे आदर्शों और चरित्रों पर लिखी जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां ऐसे महान चरित्र को पहचान सके और बुराईयों को दूर करने में अपना योगदान दे सके। न्यायाशीध श्री सिंह समाज के ऐसी धरोहर और विभूति है, जिससे समाज प्रेरणा लेता रहेगा। श्री शुक्ल ने विंध्य भवन कटंगा जबलपुर में न्यायाधीश श्री सिंह की जीवनी का विमोचन किया। इस अवसर पर मंचस्थ न्यायाधीशों ने भी न्यायाधीश श्री सिंह के जीवन से जुड़े उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि उक्त जीवनी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएस श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जस्टिस आरएस झा, जस्टिस पीपी नावलेकर, जस्टिस वीके शुक्ला, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता आरएन सिंह सहित विधि जगत के ख्यातिलब्ध न्यायाधीश मौजूद थे। विमोचन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आशीष दुबे सहित गणमान्य नागरिक मौजदू थे।

# बोर्ड परीक्षा में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति में नहीं चलेगी मनमानी

**भोपाल ( काप्र )। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में केंद्राध्यक्षों की तैनाती में अब मनमानी नहीं चलेगी। मंडल ने तय किया है कि इस बार किसी परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष का फैसला अधिकारी नहीं, बल्कि मशीन करेगी।**

मंडल के इस आदेश के साथ केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष बनाए जाने को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए कि बड़वानी जिले में परीक्षा के करीब डेढ़ महीने पहले केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई। बड़वानी डीईओ शीला चौहान ने सभी केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों की एक दिन पहले बैठक भी बुलाई थी। जिला शिक्षा अधिकारी के इस फैसले से परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। हालांकि सफाई में अधिकारियों का कहना है कि यह फाइनल सूची नहीं है। अभी इसका रेंडमाइजेशन होना बाकी है।

मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। दोनों परीक्षाओं में 16.50 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इस बार परीक्षा में नकल पर रोक और प्रश्नपत्र को लीक होने से बचाने के लिए बोर्ड ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। एक बदलाव केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की चयन प्रक्रिया में भी हुआ है। इसमें माशिमं द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति विकासखंड स्तर पर नहीं होगी। केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष बनाने के योग्य लोगों की एक जिलास्तरीय सूची तैयार होगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित एक समिति इसका अनुमोदन करेगी।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com